तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 28 अप्रैल 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



4 ठेकेदार ने नाली निर्माण किया बंद, गंदे पानी की बदबू से वार्डवासी परेशान




## खबर संक्षेप

### भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का लोकसभा सम्मेलन आज

**अम्बिकापुर।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का सरगुजा लोकसभा स्तरीय सम्मेलन 28 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे होटल मयूरा में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में सरगुजा, बलरामपुर एवं सूरजपुर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में प्रकोष्ठ से जुड़े व्यवसायी शामिल होंगे। प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन स्थल पर 10.30 बजे भागीदारी करने वाले लोगों का पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन उपरांत सुबह 11.30 बजे सम्मेलन प्रारम्भ होगा।

### बिना दस्तावेज वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**अंबिकापुर।** वाहन चलाते समय अगर अपनी गाड़ी के सम्पूर्ण वैध दस्तावेज आपके पास नहीं है तो जुरमाना भरना पड़ सकता है। सरगुजा पुलिस बिना दस्तावेज के वाहन चलाने वालों पर 24 मामले दर्ज कर उनसे 7 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना वसूल किया है। सरगुजा पुलिस ने यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान में शुक्रवार की देर शाम 88 प्रकरण दर्ज कर 44 हजार रुपए का समन शुल्क वसूल किया है। कार्रवाई के दौरान वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध कुल 29 प्रकरण दर्ज कर 8 हजार 700 रुपए, मौके पर पर वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कुल 24 मामले में 7 हजार 200 रुपए, रेड सिग्नल जम्प करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 4 प्रकरण दर्ज कर 1 हजार 200 रुपए, दोपहिया वाहन मे तीन सवारी चलने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 5 प्रकरण दर्ज कर 25 सौ रुपए, लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 3 प्रकरणों मे 6 हजार रुपए समन शुल्क वसूल किया गया है।

### चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारियों के लिए सुविधा केंद्र

**बलरामपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 सरगुजा अंतर्गत तृतीय चरण के मतदान के लिए बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के लिए मतदान करने हेतु सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है। जिसमें 6-प्रतापपुर के लिए संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 4 को सुविधा केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार 7-रामानुजगंज एवं 8-सामरी के लिए कक्ष क्रमांक 02 को सुविधा केंद्र बनाया गया है जिसमें अधिकारी एवं कर्मचारी 4 से 6 मई तक प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक डाक मतपत्र से मतदान करेंगे। आदेश में मतदान कराने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भी डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है, जिसमें विधानसभा क्षेत्र प्रतापपुर, रामानुजगंज एवं सामरी के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल बलरामपुर को सुविधा केंद्र बनाया गया है। जिसमें 1 एवं 2 मई को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान किया जाएगा।

## नवग्रह वाटिका होगी आकर्षण का केन्द्र

# महामाया पहाड़ी पर वन विभाग 50 हेक्टेयर में विकसित करेगा नगरवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- सुबह-शाम लोग कर सकेंगे जंगल का सैर, होगा मनोरंजन

भारतीय संस्कृति में पेड़-पौधों का अहम योगदान है। जीवन की जरूरतें हो या फिर यज्ञ-हवन या फिर दाह संस्कार हर कार्य में पेड़-पौधों का अहम योगदान है। यहां तक कि मानव जीवन में आने वाले विभिन्न संकट एवं व्याधियों से मुक्ति दिलाने में भी पेड़-पौधों का अहम योगदान है। वन विभाग ने शहर के महामाया पहाड़ पर एक ऐसा वन विकसित करने की योजना बनाई है जहां लोग मनोरंजन के साथ ही पेड़-पौधों की विशेषताओं को जान सकेंगे। वनस्पतियों एवं विभिन्न पेड़-पौधों के इन गुणों को जानने के बाद ही उसका उपयोग संभव है। वन विभाग महामाया पहाड़ पर 50 हेक्टेयर क्षेत्रफल में एक ऐसा नगर वन विकसित करने की तैयारियां कर रहा है जिसमें लोग प्रकृति की सुंदरता देखने के साथ ही पेड़-पौधों की विशेषताओं से भी परिचित हो सकेंगे। हालाकि दशकों से नंगे पड़े शहर से सटे महामाया पहाड़ पर कृत्रिम तरीके से वन विकसित करना आसान काम नहीं है। विभाग पहाड़ पर चिन्हित भूमि को कंटीले तारों से घेरा कराएगा। भूमि में अलग-अलग स्थानों पर बांस की विभिन्न 8 स्थानीय प्रजाति साल, शीशम एवं सागौन के पौधों का रोपण किया जाएगा। रोपण के लिए बांस की ऐसी प्रजातियों का चयन किया गया है जो कम समय में तैयार होती हैं तथा ग्रामीण जीवन में अर्थोपार्जन का अच्छा साधन बन सकता है। टीशू कल्चर से तैयार पौधों का रोपण कराया जाएगा। साल, सागौन, शीशम आर्थिक दृष्टि से काफी उपयोगी माने जाते हैं तथा इनका रोपण कर कम समय में अच्छी आय अर्जित की जा सकती है। इन पौधों को अधिक पानी नहीं चाहिए इसलिए इन्हें विकसित करने में अधिक मेहनत भी नहीं लगेगी। पहाड़ पर पूर्व में निर्मित तालाब से पानी की जरूरतें पूरी की जाएगी। इस जंगल में बच्चों एवं बड़ों के मनोरंजन के भी साधन विकसित किए जाएंगे। शहरवासियों को नगरवन पसंद आया तो भविष्य में अन्य सुविधाएं भी विकसित की जाएगी।



महामाया पहाड़।

### बनेगी नवग्रह वाटिका

नवग्रह वाटिका नगर वन का खास आकर्षण होगा। विभाग द्वारा वन में नवग्रह की शांति के लिए विभिन्न 9 प्रजाति के पौधों को लगाया जाएगा। ग्रहों की दिशा के अनुसार स्थल निर्धारित कर पौधों का रोपण किया जाएगा ताकि लोगों को उसका लाभ मिल सके। वाटिका में पेड़ों के विभिन्न उपयोगों की भी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। नवग्रह वाटिका के लिए रक्त चंदन, सप्तपणी, कटहल, पलास, बेर, आम, बकुल, खैर, पीपल एवं सिसु के पौधों का चयन किया गया है।

### सुबह सैर के लिए बनेगा ट्रैक

शहर में सुबह-शाम घुमने वाले लोगों की बड़ी संख्या है। लोग सुबह 4 बजे ही शहर की विभिन्न सड़कों, कलेक्टोरेट परिसर एवं गांधी स्टेडियम में घूमने निकल जाते हैं। नगर वन में लोगों के सुबह-शाम घूमने के लिए ट्रैक बनाया जाएगा। वन में बच्चों के मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। नगर वन के एकांत में लोग योग-प्राणायाम का अभ्यास भी कर सकेंगे। फिलहाल विभाग ने नगरवन जाने के लिए एक सड़क बनवाया है तथा विभिन्न प्रजाति के पौधों एवं नवग्रह वाटिका के लिए स्थल चिन्हांकित किया है।

### बढ़ेगी जागरूकता

मानव जीवन में पेड़-पौधों का व्यापक उपयोग है। जब लोगों को पेड़-पौधों के महत्व की जानकारी होगी तो लोग जागरूक होकर उनकी सुरक्षा करेंगे। विभाग द्वारा नगर वन को आकर्षक एवं बहुपयोगी बनाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

-**तेजस शेखर**, डीएफओ



जब्त हाइवा व जेसीबी।

# अवैध बालू लोड दो हाइवा समेत एक जेसीबी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- रात के अंधेरे में चल रहा था अवैध कारोबार मचा हड़कंप

अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई की है। चोरी छिपे चल रहे रेत उत्खनन कार्य के मामले में संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दो हाइवा व एक जेसीबी को जब्त किया है। प्रशासन की कार्रवाई से माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि इन दिनों क्षेत्र में रेत के अवैध खनन एवं कारोबार तेजी से पांव पसार रहा है। अवैध कारोबार को रेत तस्कर पकड़े जाने के डर से दिन के बजाए रात को अंजाम दे रहे हैं ताकि उनके ये काले कारनामे उजागर न हो सके लेकिन प्रशासन ने उनके इरादों पर पानी फेर दिया। विगत दिनों विकासखंड मैनपाट के तराई गांव महारानीपुर में बालू लोड दो हाइवा को प्रशासन ने जब्त किया है।

इसके साथ खड़ी एक जेसीबी मशीन की भी जब्ती की गई है। दरअसल रेत कारोबारी जेसीबी के माध्यम से महारानीपुर मांड नदी से दिन में बालू भरकर रात होने का इंतजार कर रहे थे। इस बात की भनक प्रशासनिक अमले को लग गई जिसके बाद नायब तहसीलदार के नेतृत्व में प्रशासनिक मौके पर पहुंचा जहां बालू लोड खड़ी दो हाइवा एवं जेसीबी को जब्त कर उसे थाने के सुपुर्द कर दिया। इससे पूर्व भी रेत कारोबारी दिन के उजाले में रेत भरकर उसे रात के अंधेरे में खपाते थे। चोरी छिपे इनके इस काम को रोकने की हिम्मत किसी मे नही थी जिसकी वजह से रेत का अवैध कारोबार धीरे धीरे पैर पसारने लगा था। कारोबार पर अंकुश लगाने प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई से रेत के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। इस संबंध में नायाब तहसीलदार तुषार माणिक ने बताया कि जब्त वाहनों को फिलहाल थाने के हवाले किया गया है। आगे इनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में भी रेत के अवैध कारोबार के विरुद्ध प्रशासन का धरपकड़ अभियान जारी रहेगा।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी व अश्लील वीडियो अपलोड करने वाले 8 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- 24 घंटे के अंदर अभियान चलाकर नाबालिग समेत आठ आरोपी गिरफ्तार

चाइल्ड पोर्नोग्राफी व महिलाओं के अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड करने वालों की अब खैर नहीं है। सरगुजा में सरगुजा पुलिस व साइबर की टीम सोशल मीडिया पर अपनी पैनी नजर रख रही है और ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर रही है जो अश्लील वीडियो, फोटो सोशल मीडिया में पोस्ट कर रहे है। पुलिस ने जिले में विशेष अभियान चलाकर एक नाबालिग समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर आठ अपराध दर्ज किए है। इसके साथ ही आरोपियों से मोबाइल फोन जब्त किए गए है।

बता दें कि सरगुजा पुलिस द्वारा एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर ऑपरेशन विश्वास चलाकर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अब सरगुजा पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामलों में सोशल मीडिया पर महिलाओं एवं बच्चों की अश्लील फोटो, वीडियो अपलोड करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आठ प्रकरण दर्ज कर 1 नाबालिग समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महामाया रोड निवासी 29 वर्षीय शशांक गुप्ता, बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ जशवंत पुर हाल मुकाम चौपड़ापारा निवासी 25 वर्षीय मनोज सिंह, सूरजपुर जयनगर आमगांव निवासी 28 वर्षीय प्रदीयप सिंह, मणीपुर थाना अंतर्गत कबीर वार्ड निवासी 19 वर्षीय आयुष मिश्रा, सीतापुर थाना अंतर्गत रायकेरा बगीचापारा निवासी 25 वर्षीय विवेक प्रकाश लकड़ा, उदयपुर थाना अंतर्गत केदमा लालपुर निवासी 25 वर्षीय संजय लकड़ा, लुंड्रा थाना अंतर्गत खराकोना बीजापारा निवासी 25 वर्षीय इशरार अहमद व एक नाबालिग को धारा 67 (ए)67(बी), आईटीएक्ट, पोक्सो एक्ट की धारा 14 (1) व अन्य धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में सायबर सेल प्रभारी मोरध्वज देशमुख, सउनि अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, छत्रपाल सिंह, सुधीर सिंह, महिला आरक्षक स्मिता रागिनी मिंज, कौशल्या राजवाड़े, आरक्षक अनुज जायसवाल, लालदेव साय, बीरेंद्र पैकरा, मनीष सिंह, जितेश साहू, सुयश पैकरा, रमेश राजवाड़े, अशोक यादव, अरविन्द उपाध्याय, शिव राजवाड़े, निरंजन बड़ा,उपेंद्र सिंह,पंकज देवांगन शामिल रहे।



# सेन्ट्रल जीएसटी की टीम ने आधा दर्जन दुकानों में दी दबिश

- लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच कार्रवाई से हड़कंप

**अंबिकापुर।** लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच शहर में सेन्ट्रल जीएसटी की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। टीम ने शहर के आधा दर्जन से अधिक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर दबिश दी है। टीम की कार्रवाई शनिवार को भी जारी रही। टीम की कार्रवाई से व्यवसायियों में हड़कंप मचा हुआ है। बड़ी यह है कि टीम के अधिकारी फिलहाल कुछ कहने से बच रहे है। बता दें कि शुक्रवार को सेन्ट्रल जीएसटी की टीम ने शहर के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में दबिश दी है। टीम ने शहर के पुराना बस स्टैंड रोड स्थित आशिक इलेक्ट्रॉनिक, मनोज रेडियो की दो दुकानें, डाक घर मार्ग स्थित विनोद हार्डवेयर, जयस्तंभ चौक स्थित मनोज रेडियो की तीसरी दुकान में दबिश दी है। टीम ने बेहद गोपनीय ढंग से अपनी जांच शुरू की और दिनभर कार्रवाई की लोगों को भनक तक नहीं लग पाई। देर शाम जीएसटी की कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद व्यवसायियों में हड़कंप मच गया। टीम की कार्रवाई शुक्रवार को देर रात तक जारी रही जबकि शनिवार को भी टीम की जांच जारी रही। इस दौरान दुकान के खरीद, बिक्री से संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई। इसके साथ ही सूत्रों के अनुसार शहर में कुछ अन्य संस्थानों में भी टीम ने दबिश दी है लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं कार्रवाई को लेकर अधिकारी जानकारी देने से बचते रहे ऐसे में जांच में क्या मिला है इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।




## अब विवाह के शुभ मुहूर्त नहीं मांगलिक कार्यों पर लगा ब्रेक

**बैकुंठपुर।** इस वर्ष ग्रहों की चाल के बिगड़ने के कारण विवाह के मुहूर्त मई-जून में नहीं है, इसके पहले अप्रैल माह में भी विवाह के मुहूर्त सीमित ही रहे। इसमें जमकर विवाह कार्यक्रम संपन्न किए गए। अब विवाह के मुहूर्त मई-जून में नहीं है, इससे कि अब दो माह के लिए विवाह संस्कार पर ब्रेक लग गया है, इसके कारण इस दौरान शहनाईयां नहीं बजेंगी। जानकारी के अनुसार अप्रैल माह में 18 अप्रैल से विवाह के मुहूर्त खरमास समाप्ति पश्चात शुरू हुए तो प्रतिदिन वैवाहिक मुहूर्त में जमकर शादियां हुई। इसी तरह अपै्रल माह में अंतिम विवाह मुहूर्त 26 अपै्रल को रहा। इस दिन शादियों की धूम रही और थोक में वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुए, इसके बाद दो माह अपै्रल व जून में कोई भी विवाह के मुहूर्त नहीं है। अब दो माह बाद जुलाई के पहले सप्ताह के बाद 9 जुलाई से 15 जुलाई तक सात ही विवाह के मुहूर्त बन रहे हैं, इसके बाद 17 जुलाई से चातुर्मास लग रहा है। इस अवधि में भगवान विष्णु चार माह के लिए निद्रा में चले जाएंगे। इस अवधि में भी कोई भी वैवाहिक कार्यक्रम नहीं होते हैं,क्योंकि इस दौरान देवता निद्रा में रहते हैं।

# युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत रहने वाली युवती की पहचान राजपुर सुखरी निवासी पुरषोत्तम से वर्ष 2019 में हुई थी। इस दौरान आरोपी युवती के किराए के रूम में भी आना जाना करता था और 17 जनवरी 2021 को जब युवती कमरे में अकेली तो आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म किया। वहीं आरोपी लगातार उसके साथ अनाचार करता रहा और जब युवती ने शादी की बात की तो आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। युवती द्वारा इस मामले की शिकायत 26 अप्रैल को पुलिस से की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर सुखरी निवासी 29 वर्षीय पुरषोत्तम को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को धारा 376 (2) (एन) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली से एसआई रम्भा साहू, प्रधान आरक्षक रजनीकांत मिश्रा, सियाराम मरावी, महिला आरक्षक कौशल्या राजवाड़े, आरक्षक दीनदयाल सिंह, विवेक राय शामिल रहे।



## पीसीसी अध्यक्ष ने केंद्र व प्रदेश सरकार पर साधा निशाना, पत्रकारों से की चर्चा

# इस बार चुनाव में होगा ऐतिहासिक बदलाव, भाजपा मुद्दों पर नहीं कर रही बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि इस समय जो वोटिंग हुई है वो सरकार के बदलाव के लिए हुई है और यह ऐतिहासिक बदलाव होगा क्यों कि भाजपा व नरेंद्र मोदी की सरकार 10 साल सत्ता में रहने के बाद भी महंगाई, बेरोजगारी कम करने, काला धन वापस लाने, प्रतिवर्ष 2 करोड़ नौकरी देने में असफल रही। भाजपा के वादे धरे के धरे रह गए। पीएम के भाषण अपने भाषण में महंगाई, बेरोजगारी, काला धन, युवा, किसान के मुद्दों पर एक शब्द नहीं बोल रहे है।

भाजपा डरी हुई है और सिर्फ धर्म की बात कर रही है, भगवान के भरोसे चुनाव लड़ रही है और कभी सोने चांदी की बात कर रही है। पीएम विकास के मुद्दों को छोड़कर अन्य मुद्दों पर बात कर रहे है इसका मतलब यह है कि देश में बदलाव की लहर चल रही है। पीसीसी अध्यक्ष श्री बैज शनिवार की सुबह राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। श्री बैज ने सरगुजा संसदीय सीट में चुनाव को लेकर शुक्रवार को पार्टी पदाधिकारियों की बैठक ली व आज बलरामपुर, सूरजपुर व उदयपुर क्षेत्र में चुनावी सभाएं ली। चुनावी सभा में शामिल होने से पहले पीसीसी अध्यक्ष श्री बैज ने कहा कि दो चरणों के मतदान उपरान्त छत्तीसगढ़ में कांग्रेस मजबूत स्थिति में है। कांग्रेस पक्ष में वोटिंग हुई है और दोनों चरणों के चारों सीटों में कांग्रेस जीत रही है। कांग्रेस ने तीसरे चरण की सात सीटों पर फोकस किया है। छत्तीसगढ़ व देश की जनता मोदी सरकार व चार महीने की साय सरकार के खिलाफ है और इसका फायदा कांग्रेस पार्टी को मिलेगा। हम भाजपा की तुलना में ज्यादा सीटें जीतकर आएंगे। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा के पास चंदे का पैसा व संसाधन है तो दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के खाते सीज कर दिए गए है। झंडा पोस्टर के लिए पार्टी मदद कर रही है लेकिन हमारे मेहनती कार्यकर्ता घर घर जाकर काम कर रहे। हमारे पास संसाधन भले ही कम है मगर हौसला और जनसमर्थन सबसे ज्यादा है। हम कांग्रेस की घोषणाओं और विचारधारा को जनता तक पहुचाएंगे। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पर झूठ परोसने के बजाए प्रधानमंत्री बताएं कि उनके 2014 के वादों का क्या हुआ। 100 दिन में महंगाई कम करने, किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया हुआ।




### सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का पुरस्कार मिला प्रीति को

**चिरमिरी।** चिरमिरी में आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को वी क्लब मनेन्द्रगढ़ समर्पण की अध्यक्ष प्रीति जायसवाल को एरिया में सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का पुरस्कार मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार वी क्लब मनेन्द्रगढ़ समर्पण की आधिकारिक यात्रा एवं एरिया कॉन्फ्रेंस संपन्न हुई। चिरमिरी होटल एलीना में वी क्लब मनेन्द्रगढ़ समर्पण की आधिकारिक यात्रा एवं एरिया कॉन्फ्रेंस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी अनीता अग्रवाल के आतिथ्य में एवं एरिया ऑफिसर वी रश्मि वधावन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी अनीता फरमानिया, डिस्ट्रिक्ट चीफ एडवाइजर वी अंशु गोयल, डिस्ट्रिक्ट प्रशासनिक सचिव वी अमरजीत कथूर, रिया एडवाइजर, इंदिरा सेंगर, रिया, सचिव पम्मी अरोड़ा, सभी क्लब की पीएसटी एवं सदस्य उपस्थित रहे।


NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरुआत!

GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

आप NEET STUDENT कहां जा रहे हो,
मैनें तो अपना रिजल्ट GOAL से ही बनाया हैं।



" मैं डॉक्टर मनोज चंद्राकर (MBBS-MD, Director of Chandrakar Nursing Home, Bilaspur) जब भिलाई आकर गोल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर रंजीत सर से मिला था तब तत्कालीन गोल से कोचिंग कर मेरा ऑल इंडिया रैंक 283 आया था और मुझे BJ Medical College, अहमदाबाद में एडमिशन मिला था। आज मैं जब भिलाई आया तो रंजीत सर की याद आई और मैं सर से मिलने गोल इंस्टीट्यूट आ गया। सर मुझे देख कर बहुत खुश हुए और विनम्रतापूर्वक अपने अंदाज में पूछा, 'आप कैसे हैं और आपका हॉस्पिटल सेवा भाव कैसा है? मैंने कहा आज पीडिया में बच्चों का डॉक्टर बन बहुत अच्छा कर रहा हूँ, फिर रंजीत सर ने कहा कि बहुत समय के बाद आए हैं तो गोल के ड्रापर NEET 2024 के Aspirant से मिल लीजिए और उन्हें प्रोत्साहित कीजिए, फिर मैं NEET-2024 Aspirant से मिला और सभी छात्रों को मोटिवेट किया। आज 'गोल' में दी गई सुविधाएं जैसे कि एसी क्लास रुम, लाइब्रेरी, 20 से ज्यादा Best Faculty टीम और हॉस्टल को देखकर बहुत अच्छा लगा। हमारे समय में इतनी व्यवस्था नहीं थी पर तब भी गोल संस्थान में हमारे बैच में 15 छात्र थे और सभी का गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में चयन हो गया था। "

ADMISSION OPEN

FOUNDATION 11th & 12th for Board, NEET / JEE | DROPPER BATCH NEET / JEE 2025 Registration Open | GOAL FAMILY WISHING YOU All The Best for Your NEET-2024

BHILAI 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100 | BHILAI GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999 | BHILAI 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100 | RAIPUR BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711

27- APR-JANJ-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 4/27/2024 8:36 PM Page 1






# दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर हुआ रिलीज

**मुंबई।** दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का गुरुवार 25 अप्रैल को ट्रेलर रिलीज हुआ। इस इवेंट को मुंबई में रखा गया, जिसमें निर्देशक महेश भट्ट और पूजा भट्ट भी शामिल हुए। इस फिल्म में दीपक के अलावा अलंकृता सहाय नताशा सूरी कैनात अरोरा नाजिया हुसैन सोनिया बिर्जे हरजिंदर सिंह मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं। 2 मिनट 32 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां 5 लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता हैं, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रीप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्लस का ये ट्रीप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है। जोकि एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आ रहे हैं। दीपक के अलावा अलंकृता सहाय, नताशा सूरी, कैनात अरोरा, नाजिया हुसैन, सोनिया बिर्जे, हरजिंदर सिंह, मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

# विद्या बालन

## मामूटी ने निभाया है अद्भुत रोल

बॉलीवुड में कम ही ऐसी एक्ट्रेसेज हुई जिनकी तुलना तीनों खान्स से की जाती हो. विद्या बालन उनमें से एक हैं. विद्या की लेटेस्ट फिल्म 'दो और दो प्यार' इन दिनों थिएटर्स में है. हर बार की तरह इस बार भी उनके काम को देखने वालों ने काफी पसंद किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब विद्या ने कुछ ऐसा कहा है जो शायद बॉलीवुड फैन्स को बहुत पसंद ना आए। विद्या मलयालम सिनेमा की बात कर रही थीं और इसी सिलसिले में उन्होंने मलयालम सुपरस्टार मामूटी की जमकर तारीफ की। मामूटी की बात करते हुए विद्या ने उनके एक लेटेस्ट किरदार का जिक्र किया और कहा कि बॉलीवुड का कोई लीडिंग स्टार वैसा किरदार नहीं निभा सकता। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ऐसा होना 'असंभव' है।

विद्या ने मामूटी की फिल्म 'काथलः द कोर' की बात की। इसके लिए विद्या ने केरल की ऑडियंस को भी क्रेडिट दिया। उन्होंने कहा, 'हमें ये मानना पड़ेगा कि केरल में ज्यादा पढ़ी लिखी ऑडियंस है। ये एक बहुत बड़ा अंतर है। वहां के सबसे निचले तबके के आदमी की समझ भी बहुत अलग है। उन्होंने (मामूटी) ने जो किया मैं उसे कम नहीं बता रही, लेकिन वहां ये करना आसान है। ये एक सोसाइटी का रिफ्लेक्शन है।' विद्या ने मामूटी के 'काथलः द कोर' वाले किरदार को स्पेशल कहने की वजह बताते हुए कहा, 'उन्होंने ये नहीं सोचा कि इससे उनकी मर्दानगी पर कोई असर पड़ेगा। वो बहुत सिक्योर एक्टर हैं।' विद्या ने ये भी बताया कि इस रोल के लिए मामूटी को कॉम्प्लीमेंट करने के लिए उन्होंने, उनके बेटे और एक्टर दुलकर सलमान को मैसेज किया था।



हॉलीवुड मसाला



# सिंगर मंडिसा की घर में मिली लाश

**मुंबई।** अमेरिकन आइडल फेम ग्रैमी अवॉर्ड विनर सिंगर मंडिसा लिन हंडले की मौत हो गई है। उनका शव रहस्यमय परिस्थितियों में उनके घर से बरामद हुई है। पुलिस जहां जांच में जुटी है, वहीं परिवार और टीम ने भी एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। उनके मौत के कारणों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकी अमेरिकी सिंगर मंडिसा की 47 साल की उम्र में मौत हो गई है। अमेरिकन आइडल फेम सिंगर की लाश उनके टेनिसी के फ्रैंकलिन स्थित घर में रहस्यमय परिस्थितियों में मिली है।




# 'अमेरिकन ब्यूटी' के डर से मां-बाप ने टीवी में लगा दिया था लॉकर

**मुंबई।** कुछ ऐसी फिल्में बनती हैं, जो दर्शकों के दिलों में हमेशा के लिए छाप छोड़ देती हैं। फिर चाहे वो बॉलीवुड हो, साउथ हो या फिर हॉलीवुड फिल्में क्यों ना हों। आज से ठीक 33 साल पहले एक हॉलीवुड मूवी रिलीज हुई थी, जिसका नाम 'अमेरिकन ब्यूटी' था। ये फिल्म इतनी बोल्ड थी कि लोगों को अपने टीवी में चाइल्ड लॉक तक लगाना पड़ गया था। फिर भी फिल्म ने पांच ऑस्कर अवॉर्ड झटके थे और उस जमाने में फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था। 'अमेरिकन ब्यूटी' फिल्म की कहानी उस जमाने के हिसाब से बहुत ज्यादा बोल्ड थी। एक ऐसे आदमी की कहानी, जो बीवी और बेटी के साथ रहता है, लेकिन बीवी संग उसके रिश्ते ठीक नहीं है, गाली-गलौज होती रहती है और बेटी इस वजह से अपने पैरेंट्स से नफरत करती है और उनसे बात नहीं करती। उस आदमी की जिंदगी में एक दिन तब बहुत बड़ा बदलाव आ जाता है, जब वो बेटी की दोस्त को देखता है। उसे देखकर मन में अश्लील ख्याल आने लगते हैं। फिल्म के कुछ सीन्स तो ऐसे हैं कि जिन्हें देखकर आप अपनी आंखें मूंद लेंगे।



# अगस्त्य नंदा के साथ डेब्यू करेंगी सिमर

**मुंबई।** सिमर ने एक आउटसाइडर की तरह इंडस्ट्री में एंट्री ली है। उनके मामा अक्षय कुमार, बड़े आराम से उन्हें एक बड़े लॉन्च का प्लेटफॉर्म दे सकते थे, लेकिन सिमर ने ऑडिशन देकर अपना डेब्यू प्रोजेक्ट पाया है. उन्होंने फिल्म में अपने ज्यादातर हिस्से के लिए शूट भी कर लिया है। अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने कुछ समय पहले ही नेटफ्लिक्स फिल्म 'आर्चीज' से अतिंग डेब्यू किया था, इसके बाद ही उन्हें उनका अगला प्रोजेक्ट भी मिल गया और वो 'अंधाधुन' डायरेक्टर श्रीराम राघवन की फिल्म 'इक्कीस' से बड़ी स्क्रीन पर भी डेब्यू करने जा रहे हैं। अगस्त्य के साथ फिल्म में लीडिंग लेडी कौन होंगी, अभी तक इस बात पर सस्पेंस बना हुआ था। मगर अब ऐसी रिपोर्ट्स आ रही हैं कि 'इक्कीस' में अगस्त्य के साथ लीडिंग लेडी को भी फाइनल कर लिया गया है।




# रिश्तों की अहमियत सिखाता है 'दिल दोस्ती डिलेमा'

**मुंबई।** किशोरवय युवक-युवतियों की अपनी जिंदगी और सोच होती है, जो अक्सर मान्यताओं और परम्पराओं से बगावत करते हुए चलती है। अपने ख्यालों-ख्वाबों में खोई रहने वाली ये पीढ़ी अक्सर रिश्तों की कद्र नहीं करती। जाने-अनजाने कुछ ऐसा कर जाती है कि दिल टूट जाते हैं। अगर ना संभाले तो रिश्ते भी बिखर जाते हैं। इस उम्र की प्राथमिकताएं कुछ और होती हैं, जो जिंदगी देखने का नजरिया भी तय करती हैं। प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हुई सात एपिसोड्स की सीरीज दिल दोस्ती डिलेमा उम्र के इसी नाजुक मोड़ पर रिश्तों की अहमियत समझाने के साथ संदेश देती है। हालांकि, विषय पुराना लगता है, जिससे सीरीज पकड़ खोती नजर आती है। अस्सी के दौर में ऐसे विषय अक्सर फैमिली फिल्मों का हिस्सा बनते थे और दर्शक भावनाओं के सागर में डूबते-उतराते रहते थे।

टीवी मसाला



# अनुज के शो छोड़ने पर निर्माता ने तोड़ी चुप्पी

**मुंबई।** सीरियल अनुपमा में गौरव खन्ना मुख्य रोल निभाते हैं। उनके शो छोड़ने की खबरों से फैंस परेशान हो गए थे. अब शो के निर्माता राजन शाही ने इन खबरों पर रिएक्ट करते हुए बड़ी बात कही है। सोशल मीडिया पर बताया गया था कि गौरव सीरियल को अलविदा कह सकते हैं। फैंस ये जानकर परेशान हो गए थे और सच्चाई जानना चाहते थे। हाल ही में अनुज यानी गौरव ने एक इंटरव्यू में बताया कि वो शो को नहीं छोड़ रहे हैं। अब शो के निर्माता राजन शाही ने इन वायरल खबरों पर रिएक्ट किया है।

अनुपमा अपनी कहानी की वजह से टीआरपी में सबसे आगे रहता है। गौरव खन्ना के शो छोड़ने की खबरें जैसे इंटरनेट पर आई, दर्शकों को इसने हैरान कर दिया। जब शो के निर्माता राजन शाही से गौरव के अनुपमा से बाहर होने की अफवाहों पर पूछताछ की गई, तो उन्होंने इस पर कहा, 'बिल्कुल नहीं'। उन्होंने कहा कि सीरियल में अनुज का किरदार काफी महत्व रखता है। उनके इस बात से तो कंफर्म है कि अनुज शो से बाहर नहीं हो रहे हैं। ये जानकर फैंस को बहुत खुशी होगी।

### अनुपमा का लेटेस्ट एपिसोड

अनुपमा के अपकमिंग एपिसोड में दिखाया जाएगा कि अनु, अनुज के कहने पर उसके घर में शिफ्ट हो जाएगी। अनुज उससे कहेगा कि वो आध्या को नहीं संभाल पा रहा और ऐसे में वो अनुपमा से मदद मांगता है। अनु अपनी बेटी की खातिर अनुज की बात मान लेगी। हालांकि आध्या को ये बात पसंद नहीं आएगी। आध्या जानबूझकर अनुपमा की जिंदगी में नई दिक्कतें पैदा करने लगेगी, ताकि वो सुपरस्टार शेफ छोड़ दें और वापस भारत चली जाए। वो कंपीटीशन के लिए अनुपमा को लेट करवा देगी और अनुज उसकी मदद करेगा। शो में दिखाया जाएगा कि अनुपमा कंपीटीशन के दौरान गिर जाएगी और उसकी मदद के लिए अनुज शेफ बनेगा। वो उसकी ओर से खाना बनाएगा। आध्या और श्रुति ये सब टीवी पर देखकर शॉक्ड हो जाएगी।

# दर्शकों की कमी से कई थिएटरों में ताला लटकने की नौबत

**मुंबई।** मजेदार संयोग ये है कि बीते साल भी मई में ऐसी ही स्थिति थी। हालांकि, तब हॉलीवुड की 'गार्डियंस ऑफ़ द गैलेक्सी', 'फास्ट एक्स' और 'द केरल स्टोरी' ने जान बचा ली थी। 'बॉलीवुड हंगामा' की रिपोर्ट के मुताबिक, दर्शकों की कमी को देखते हुए 800 सीटों वाले मुंबई के गैलेक्सी थिएटर को कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। यह जी 7 मल्टीप्लेक्स का एक हिस्सा है, जिसे मशहूर 'गेयटी-गैलेक्सी' के नाम से भी जाना जाता है।



### आगरा में 30 रुपए में टिकट, पर नहीं आ रहे दर्शक

एक चौंकाने वाला उदाहरण आगरा में 'राजीव सिनेमा' का है। यहां टिकट की कीमतें घटाकर 30 रुपए और 50 रुपए कर दी गई हैं। लेकिन फिर भी बात नहीं बन रही है। बिहार के पूर्णिया में 'रूपवाणी' सिनेमा के मालिक विशेक चौहान कहते हैं, 'बहुत सारे एग्जीबिटर्स फोन कर रहे हैं, पूछ रहे हैं कि क्या हमें दो महीने के लिए सिनेमाघर बंद कर देना चाहिए?'

### 'क्या करते हम, कोई फिल्म नहीं चल रही'

इस बारे में 'जी7 मल्टीप्लेक्स' और 'मराठा मंदिर' सिनेमा के कार्यकारी निदेशक मनोज देसाई कहते हैं, 'क्या करते हम? कोई फिल्म नहीं चल रही हैं। दोनों ही फिल्में बुरी तरह पिट गईं। झटका लग गया हमें।'

### जल्द बंद हो जाएंगे थिएटर

रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ और थिएटर-मल्टीप्लेक्स अगले एक महीने के लिए बंद रहने की तैयारी में हैं। हालांकि, मल्टीप्लेक्स को पूरी तरह बंद नहीं किया जाएगा, बल्कि कुछ स्क्रीन्स बंद किए जाएंगे। एक सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में आगे लिखा गया है, 'शुरुआत में अधिकतर सिनेमाघरों ने टिकट की कीमतों में कटौती की। लेकिन फिर भी दर्शकों ने रुचि नहीं दिखाई।

# ऑस्कर कांड के बाद विल स्मिथ की 'बैड बॉयज़' के चौथे पार्ट का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** हॉलीवुड की पॉप्युलर फ्रेंचाइजी फिल्म 'बैड बॉयज़' के चौथे पार्ट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ऑस्कर थप्पड़ कांड के बाद इस फिल्म के साथ हॉलीवुड स्टार विल स्मिथ सिल्वर स्क्रीन पर कमबैक करने जा रहे हैं। फिल्म में धुआंधार एक्शन और डरावने फाइट सीन के साथ-साथ बीच-बीच में कॉमेडी भी है। हॉलीवुड की करीब 29 साल पुरानी फ्रेंचाइजी फिल्म 'बैड बॉयज़' के चौथी सीरीज का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस कॉप एक्शन कॉमेडी ड्रामा फिल्म में विल स्मिथ और मार्टिन लॉरेंस जासूस की भूमिका में दिख रहे हैं। बता दें कि ऑस्कर सेरिमनी 2022 अवाड्र्स में होस्ट क्रिस रॉक को थप्पड़ मारने की वजह से चर्चा में रहे विल स्मिथ की उस घटना के बाद ये पहली फिल्म रिलीज होने जा रही है।



### 'बैड बॉयज 4' की कुछ ऐसी दिख रही कहानी

*फिल्म की कहानी मियामी के एक पूर्व कैप्टन कॉनरैड हावर्ड की है, जिसके बारे में पता लगता है कि वो ड्रग बनाने वाली कंपनी के साथ कई साल से काम कर रहा है। विल को लग रहा है कि कैप्टर हावर्ड को फ्रेम किया जा रहा है। दरअसल इसके पीछे पूरा गैंग है और इसके खिलाफ 'बैड बॉयज' यानी विल और मार्टिन लॉरेंस मैदान में उतरते हैं जिन्हें न केवल अपने देश को बचाना है बल्कि दुश्मनों को तबाह भी करना है। ये फिल्म 7 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही। दो साल बाद स्क्रीन पर कमबैक कर रहे विल स्मिथ इस ट्रेलर में धुआंधार एक्शन की बौछार करते दिख रहे हैं। इस फ्रेंचाइजी के दीवाने फैन्स खुशी से झूम उठे हैं।*

# हेमा की हिट फिल्म पर बी. आर. चोपड़ा ने बनाया था टीवी शो

ड्रीम गर्ल ने निभाया लीड रोल


हिंदी सिनेमा की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी ने फिल्मी पर्दे पर तो अपने अभिनय का जलवा बिखेरा ही, लेकिन इसके अलावा उन्होंने टेलीविजन की दुनिया में भी एक समय पर तहलका मचाया है। इंडिया की ड्रीम गर्ल ने अपनी ही फिल्म सीता और गीता से इंस्पायर टीवी शो में साल 2004 में काम किया था जिसे महाभारत के मेकर बी. आर. चोपड़ा ने ही बनाया था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हेमा मालिनी आज के समय में भले ही फिल्मों में कम नजर आती हैं, लेकिन अब भी वह फैंस की 'ड्रीम गर्ल' ही हैं। राज कपूर की फिल्म 'सपनों का सौदागर', जॉनी मेरा नाम, लाल पत्थर और अंदाज और शोले जैसी कई यादगार फिल्में हिंदी सिनेमा को देने वाली हेमा मालिनी के करियर के में टर्निंग प्वाइंट तब आया, जब उन्होंने साल 1972 में फिल्म 'सीता और गीता' में दोहरी भूमिका निभाई।

फिल्म के निर्देशन की कमान रमेश सिप्पी ने संभाली, तो वही पटकथा सलीम और जावेद ने दी। हेमा मालिनी की सीता और गीता दो ऐसी बहनों की कहानी है, जो बचपन में ही बिछड़ जाती हैं। दोनों का स्वभाव एक-दूसरे से बिल्कुल विपरीत होता है। जहां दुष्ट चाची सीधी सादी सीता का जीना दुश्वार करके रखती हैं, तो वहीं गीता से पंगा लिया, तो वह अपनी खैर मनाता है। सीता और गीता की कहानी तब और दिलचस्प हो जाती है, जब दोनों ही अपनी जगह बदल लेती हैं और गीता-सीता के घर पहुंच जाती है। साल 1972 की ये फिल्म आज भी लोगों को याद है। हेमा मालिनी की ये फिल्म लोगों इतनी ज्यादा पसंद आई थी कि साल 1989 में इसी से ही मिलती-जुलती कहानी वाली फिल्म 'चालबाज' भी रिलीज हुई थी।

उस समय पर हेमा मालिनी की फिल्म 'सीता और गीता' की लोकप्रियता से 'महाभारत' के निर्देशक बी.आर. चोपड़ा इतने ज्यादा इम्प्रेस हो गए थे कि उन्होंने इस पर एक पूरा टीवी शो बना दिया था, जिसमें किसी और ने नहीं, बल्कि 'ड्रीम गर्ल' ने ही मुख्य भूमिका निभाई थी। हेमा मालिनी शो में कामिनी और दामिनी बनी थीं। कामिनी जहां तेज तर्रार सी थी, तो वहीं दामिनी 'सीता' की तरह ही एकदम शांत थी।



*बी.आर. चोपड़ा ने टीवी पर बनाई थी सीता-गीता : महाभारत जैसे यादगार शोज देने वाले बी आर चोपड़ा ने साल 2004 में एक सीरियल बनाया, जिसका टाइटल था 'कामिनी-दामिनी'। ये शो सहारा वन पर ऑनएयर होता था। इस डेली सोप ने सहारा वन पर श्रीदेवी के शो 'मालिनी अय्यर' को रिप्लेस किया था। खास बात ये थी कि इस शो में भी बी. आर. चोपड़ा ने 'सीता और गीता' एक्ट्रेस हेमा मालिनी को ही मुख्य भूमिका निभाई थी। ये पूरा शो सीता और गीता मूवी पर ही बेस्ड था।*

# सालों बाद फिर साथ दिखेंगे इंस्पेक्टर दया और अभिजीत



*मुंबई। सीआईडी फैन्स के लिए एक गुड न्यूज सामने आई है।आपके फेवरेट अभिजीत यानी आदित्य श्रीवास्तव और दया मतलब दयानंद शेट्टी एक बार फिर टीवी पर लौट रहे हैं। वो भी एक साथ. चलिये फिर देरी कैसी जल्दी पूरी बात जान लेते हैं। कई टेलीविजन सीरियल्स ऐसे हैं, जिन्होंने सालों तक दर्शकों का मनोरंजन किया है। यही वजह है जब सालों तक चलने वाले शोज अचानक बंद होते हैं, तो फैन्स के दिलों को काफी दुख पहुंचता है। ऐसे ही पॉपुलर शोज में सीआईडी का नाम भी शुमार है। इस शो ने तीन दशक तक टीआरपी लिस्ट पर राज किया। दर्शकों ने शो के किरदारों को भी खूब पसंद किया। इंस्पेक्टर दया, सीनियर इंस्पेक्टर अभिजीत और एसीपी प्रद्युमन जैसे कई किरदार हैं, जिन्हें आज भी लोगों का प्यार मिल रहा है। अब सीआईडी फैन्स के लिए एक गुड न्यूज सामने आई है। आपके फेवरेट अभिजीत यानी आदित्य श्रीवास्तव और दया मतलब दयानंद शेट्टी एक बार फिर टीवी पर लौट रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### मतदान दलों को दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान दलों के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में रविवार को होली क्रॉस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंबिकापुर विधानसभा एवं रिजर्व मतदान दलों के सभी पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 एवं 3 को प्रशिक्षण दिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर ने प्रशिक्षण स्थल पहुंचकर प्रशिक्षण का अवलोकन किया। उन्होंने सभी कमरों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान दलों से मिलकर पीठासीन की डायरी, मतपत्र लेखा, मॉकपोल आदि के सम्बंध में जानकारी ली। मतदान दलों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि बारीकी से सभी आवश्यक बिंदुओं को समझकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

### बाजा बजाने की बात को लेकर मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** सूरजपुर जेल पारा निवासी ठाकुर प्रसाद आ. सुमेर नायक (34 वर्ष) बुधवार को ग्राम चिरंगा निवासी फूफा चद्राये के यहां शादी कार्यक्रम में शामिल होने परिवार के साथ आए थे। इसी बीच शादी में बाजा बजाने की बात को लेकर गांव के ही युवकों से हुआ था। दूसरे दिन युवक दुकान की ओर जा रहा था तभी कमलेश, मिथलेश मारपीट करने लगे। किसी तरह आकर घटना की जानकारी परिजन को दी। जिस पर पिता व भाई के साथ विनोद की घर जा रहे थे तभी रास्ते में विनोद, दिनेश, कमलेश व मिथलेश मिले और सभी ने ठाकुर प्रसाद के अलावा उसके पिता व भाई की जमकर पिटाई कर दी। घटना की रिपोर्ट ठाकुर ने बतौली थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### विवाहिता ने अज्ञात कारण से फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अम्बिकापुर।** विवाहिता ने अज्ञात कारण से घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सोनपुर निवासी प्रियंका सिंह पति मुकेश केवट (20 वर्ष) बीती रात घर के कमरे में अज्ञात कारण से फांसी लगा ली जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी परिजन को सुबह लगी तो घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश की पोस्टमार्टम कराने के पश्चात परिजन के सुपुर्द कर दिया है। महिला ने किस कारण फांसी लगाई उसका पता नहीं चल सका है वहीं मामले को लेकर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

### डांड़गांव के समीप वाहन की टक्कर से ट्रक चालक की मौत

**अम्बिकापुर।** याकूब अंसारी गत दिन ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीजेड 4929 में सामान लोड कर रायपुर से अंबिकापुर की ओर आ रहा था। जैसे ही डांड़गांव के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए चालक की मौके पर ही मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### चोरों ने खेत से पार किया पंप, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** सत्तीपारा निवासी आनंद अवस्थी आ. रवीन्द्रनाथ अवस्थी कुछ माह पूर्व खैरबार पनिकापारा स्थित अपने खेत में सिंचाई के लिए 5 एचपी का सोलर पंप लगाया था। 19 से 20 अप्रैल के बीच चोरों ने खेत में लगाए गए पंप को चोरी कर ले गए। पंप चोरी होने की जानकारी लगने पर आनंद अवस्थी ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बेवा के साथ दुष्कर्म, आरोपी देवर के खिलाफ अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बेवा महिला के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने ग्राम सरस्वतीपुर निवासी कृष्णा सिंह के खिलाफ धारा 457, 506, 376 का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## जल जीवन मिशन का लोगों को नहीं मिल रहा लाभ

# टंकियां बनी, पाइप लाइन बिछी लेकिन गांव में नहीं पहुंचा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल की योजना कागजों में सिमट कर रह गई है। ग्राम पंचायतों में कहीं नल लगाकर, पाइप लाइन बिछाकर तो कहीं टंकियों का निर्माण कर छोड़ दिया गया है लेकिन अभी भी लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंचा है। भीषण गर्मी के समय भी लोगों को पेयजल के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण ढोढ़ी, हैण्डपम्प व कुएं का पानी पीने को मजबूर है।

**खास बात**
- भीषण गर्मी में बढ़ी परेशानी

बता दें कि जल जीवन मिशन के तहत राजपुर विकासखंड के 70 ग्राम पंचायतों में हर घर नल के तहत कार्य चल रहा था। विकासखंड में करोड़ो की लागत से टंकी का निर्माण करने के साथ ही पाइप लाइन भी बिछाई गई है। दो वर्ष पूर्व जल जीवन मिशन के तहत ये कार्य शुरू हुए और कई स्थानों पर टंकी का निर्माण किया गया तो कहीं पाइप लाइन बिछाकर घरों में नल कनेक्शन भी दे दिया गया लेकिन दो वर्षों बाद भी लोगों के घरों में शुद्ध पानी नहीं पहुंचा है। विभाग की लापरवाही व उदासीनता के कारण योजना सिर्फ कागजों तक ही सिमट कर रह गई है। ऐसे में ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण भीषण गर्मी में कुएं, हैंडपंप व ढोढ़ी का पानी पीने को मजबूर है। ग्रामीणों का कहना है कि ब्लॉक स्तर पर पीएचई का कार्यालय नहीं है ऐसे में वे अपनी शिकायत भी नहीं कर पा रहे है। वहीं ठेकेदार व विभाग की ओर से भी पानी सप्लाई के लिए प्रयास नहीं किए जा रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायतों में ओवरहेड टैंक पहले से बनकर तैयार हैं तो कहीं काम अधूरा पड़ा है। इस समस्या को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी शिकायत की गई लेकिन नतीजा सार्थक नहीं दिखा। कई स्थानों पर पाइप लाइन बिछाकर नल कनेक्शन दे दिया गया है लेकिन उसमें पानी नहीं आता है और योजना आज भी अधूरी पड़ी हुई है।


योजना के तहत निर्मित पानी टंकी।


अनुपयोगी नल केक्शन।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

हम पानी की समस्या से जूझ रहे है। योजन के तहत नल कनेक्शन तो दिया गया लेकिन पानी नहीं आता। भीषण गर्मी में पानी की काफी समस्या है। डेढ़ वर्ष से नल कनेक्शन का विस्तार हुआ है लेकिन आज तक एक बूंद पानी नहीं आया। ग्रामीण पानी के लिए ढोडी नाला व नदी का सहारा लेते हैं।
**-संजय कुमार विश्वकर्मा**, ग्राम सिंगचोरा

डेढ़ वर्ष पहले नल का कनेक्शन दिया गया है लेकिन आज तक पानी का सप्लाई शुरू नहीं की गई। एक हेड पंप के भरोसे तीन मोहल्ले के लोग पानी पीते हैं। हेडपंप खराब भी हो जाता है तो ढोढ़ी, नदी, कुंआ का सहारा लेते हैं। एक हैंडपंप है पर्याप्त पानी नहीं मिलता है।
**-मथुरा प्रसाद**, ग्राम सिंगचोरा

### जारी कर रहे नोटिस

ठेकेदार को नोटिस जारी कर रहे हैं। ग्रामीणों को जल्द से जल्द हर घर पानी पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।
**-परिमल तिवारी**
एसडीओ पीएचई


दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

## कार की टक्कर से अनियंत्रित आटो बस से जा टकराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- एक ग्रामीण की मौत, तीन की हालत गंभीर

भजन कीर्तन कार्यक्रम में लौट रहे ऑटो सवार को बस को ओवरटेक कर रही कार ने टक्कर मार दी जिससे अनियंत्रित होकर ऑटो बस से टकरा गई। दुर्घटना में ऑटो में सवार लगभग आधा दर्जन यात्री घायल हो गए जिसमें एक की मेडिकल कॉलेज पहुंचने के दौरान मौत हो गई वहीं तीन घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार लखनपुर क्षेत्र के गणेशपुर केनापारा व पेण्डरखी निवासी नंदलाल पंडो, धनीराम राजवाड़े, अशोक दास, बहादुर राम, सुरेश राम, अधिसेत सहित अन्य लोग शुक्रवार को सूरजपुर क्षेत्र के ग्राम ऊंचडीह रिश्तेदार के यहां भजन-कीर्तन करने के लिए ऑटो से गए थे। आज सुबह सभी ऑटो में सवार होने वापस लखनपुर जा रहा थे। जैसे ही ऑटो सवार एनएच 43 ग्राम पचिरा पंचवटी के सतीम पहुंचे तभी अम्बिकापुर से सूरजपुर जा रहे यात्री बस को पीछे से आ रहे कार सवार ओव्हरटेक करते हुए ऑटो को टक्कर मार दी। अचानक कार की टक्कर से ऑटो चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे ऑटो सामने से आ रही बस से टकराने के बाद सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में ऑटो सवार सभी लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल संजीवनी 108 से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने नंदलाल पंडो सहित तीन लोगों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आपातकालीन में चिकित्सकों ने नंदलाल पंडा (60 वर्ष) को जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। दो घायलों का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जबकि अन्य घायलों का स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है।

## सरगुजा में चिकित्सकों ने हृदय रोग के मरीज को लगाया सी आर्म पेस मेकर

गंभीर स्थिति में कराया गया था भर्ती मरीजों को जाना पड़ता था बड़े शहरों में

**अंबिकापुर।** सरगुजा जैसे दूरस्थ अंचल में भी चिकित्सकों ने हृदय रोग के गंभीर मरीज को पेसमेकर लगाने में सफलता हासिल की है। कार्डियक अरेस्ट के बाद भी मरीज को सीपीआर देकर पहले उसकी स्थिति को सामान्य किया गया और फिर पेसमेकर लगाया गया। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के कुसमी निवासी रघुवंश प्रसाद यादव को हृदय रोग की बीमारी थी व हालत गंभीर होने पर आनन फानन में परिजन मरीज को लेकर संजीवनी फ्रैक्चर एन्ड आई केयर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल पहुंचे थे। अस्पताल में मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए अस्पताल में पदस्थ डीएम कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अभिजीत प्रसाद ने मरीज का ऑपरेशन कर पेसमेकर लगाने का निर्णय लिया लेकिन सरगुजा में यह सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। डॉ. अभिजीत ने बताया कि मरीज को गंभीर स्थिति में लाया गया था और सरगुजा में पेसमेकर की सुविधा नहीं थी इसके बाद भी समय पर उपचार कर बनारस बीएचयू के विशेषज्ञों की मदद ली गई और डॉक्टरों की टीम ने मरीज का ऑपरेशन किया। उन्होंने बताया कि आम तौर पर ऐसे मरीजों को बाहर ले जाना काफी मुश्किल होता है क्यों कि समय पर उपचार नहीं मिलने से मरीज की जान को खतरा रहता है और अब स्थानीय स्तर पर ही यह सुविधा लोगों को मिल रही है। संभवतः पहली बार किसी हृदय रोग के मरीज को सी आर्म पेसमेकर लगाया गया है। टीम में शामिल चिकित्सक डॉ. रुपेश ने बताया कि आम तौर पर पेसमेकर लगाने के लिए चिकित्सकों द्वारा पहले से तैयारी की जाती है लेकिन इस केस में मरीज को कार्डियक अरेस्ट हुआ था और उसके दिल की धड़कन रुक गई थी ऐसे में सीपीआर देकर दिल की धड़कन वापस लाइ गई और फिर मरीज को सामान्य स्थिति में करने के बाद उसका ऑपरेशन किया गया। अस्पताल प्रबंधन से जुड़े डॉ. विकास अग्रवाल ने कहा कि यह सरगुजा अंचल की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि अब यहां डीएम कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध है और हृदय रोग के गंभीर मरीजों का उपचार हो रहा है।



## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं दो लोग घायल, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** कार व ई रिक्शा के टक्कर मारने की अलग-अलग घटनाओं में दो घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने चालकों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम शिवनंदपुर निवासी सुभाषनी विश्वकर्मा पति संजय विश्वकर्मा अंबिकापुर नगर निगम में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर पदस्थ है। 7 अप्रैल को गांधी चौक समीप डाटा सेंटर से काम कर घर जाने के लिए चौक पार कर रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ई-रिक्शा के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे महिला घायल हो गई। महिला ने अस्पताल में उपचार कराने के पश्चात गत दिन घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। इसी प्रकार दूसरी घटना में नमनाकला निवासी पुष्पा चौधरी गुरुवार की शाम घर से स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीयू 3006 से गौरव पथ की ओर जा रही थी7 जैसे ही महिला गौरव पथ स्थित निजी अस्पताल के समीप पहुंची तभी कार क्रमांक सीजी 15 डीजेड 4010 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में महिला घायल हो गई। परिजन महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार कराने के पश्चात महिला ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने ई-रिक्शा व कार चालक के विरूद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## वाहन की टक्कर से ऑटो सवार एक ग्रामीण की मौत, दो गंभीर

**अम्बिकापुर।** शादी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे ऑटो सवार को विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुरवां निवासी रामधारी आ. स्व. गेंदू राम (60 वर्ष) गांव के ही रिश्तेदार हंस राजवाड़े, गायत्री, लकेश्वर, जगेसिया सहित अन्य लोगों के साथ ऑटो से ग्राम तेलाई कछार रिश्तेदार सुकुल राजवाड़े के यहां शादी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही ऑटो सवार ग्राम केशवनगर के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रामधारी, जगेसिया और हंस राजवाड़े गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में घायल हुए लोगों को तत्काल विश्रामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों ने रामधारी, जगेसिया और हंस राजवाड़े की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जबकि अन्य घायलों को मामूली चोटें आने पर प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। परिजन दुर्घटना में गंभीर हुए घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान रामधारी की मौत हो गई जबकि दो घायलों का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## हेल्थ प्लस




### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल

**अम्बिकापुर।** विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 28 अप्रैल रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में न्यूरो स्पाइन सर्जन डॉ अमित मुखर्जी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनोद आहूजा, डॉ जगबीर सिंह गठिया एवं अर्थराइटिस विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट डॉ विवेक कुमार केशरी उपलब्ध रहेंगे। विद्या डायग्नोस्टिक में सोनोग्राफी, कलर डॉपलर, कलर एक्सरे, डिजिटल एक्सरे, सीटी स्कैन, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री, ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधा उपलब्ध है। संचालक ने बताया कि स्वास्थ परीक्षण शिविर 10 से 4 बजे तक किया जाएगा।









**कार्यपालिक दण्डाधिकारी शंकरगढ़, जिला-बलरामपुर रा.गंज (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता ग्राम ग्राम पंचायत शंकरगढ़, थाना व तहसील शंकरगढ़ जिला-बलरामपुर रा.गंज (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय पिता स्व. ओमप्रकाश, निवासी ग्राम शंकरगढ़, ग्राम पंचायत शंकरगढ़ प.ह.न. 14 रा.नि.म. शंकरगढ़, जिला-बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.) के द्वारा अपने पिता ओमप्रकाश अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 20/10/2005 को होने के कारण मृत्यु प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु ग्राम पंचायत शंकरगढ़ से प्रदाय किये जाने हेतु आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र कि छाया प्रति संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वंय अथवा वैध अभिकर्ता एवं अभिभाषक के द्वारा न्यायालय में दिनांक 30/4/2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/4/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**शंकरगढ**
जिला-बलरामपुर, रा.गंज (छ.ग.)

